adda247

भाग – 2 / PART – 2

## हिन्दी / HINDI

51. "होनहार बिरवान के होत चीकने पात" कहावत का अर्थ है
(1) बड़ा होशियार बच्चा ।
(2) बचपन से ही बड़प्पन का संकेत ।
(3) बचपन में सुन्दर होना ।
(4) दूर से सब चीजें अच्छी लगना।

52. "बिनु पग चलै सुनै बिनु काना" पंक्ति में अलंकार है
(1) असंगति
(2) विशेषोक्ति
(3) उत्प्रेक्षा
(4) विभावना

53. 'चटिका' का तद्भव क्या है ?
(1) चिड़िया (2) चटक
(3) चक्र (4) चींटी

54. 'न्यून' का सन्धि विच्छेद क्या है ?
(1) न + यून
(2) नि: + यून
(3) न + ऊन
(4) नि + ऊन

55. 'छितवन की छाँह' के रचनाकार कौन हैं ?
(1) हरिशंकर परसाई
(2) विद्यानिवास मिश्र
(3) गुलाब राय
(4) रामविलास शर्मा

56. सिद्धों की कितनी संख्या मानी गयी है ?
(1) बाईस (2) चौरासी
(3) नव (4) आठ

57. 'जदपि सुजाति सुलच्छनी, सुबरन सरल सुवृत्त ।
भूषण बिनु न विराजई, कविता वनिता मित्त ।'
यह पंक्ति किस रचनाकार की है ?
(1) जायसी
(2) घनानंद
(3) केशवदास
(4) तुलसीदास

58. 'नीलदेवी' के रचनाकार कौन है ?
(1) श्रीधर पाठक
(2) भारतेंदु हरिश्चंद्र
(3) श्रीनिवास दास
(4) प्रतापनारायण मिश्र

59. मैं उनका आदर्श कहीं जो व्यथा न खोल सकेंगे
पूछेगा जग किन्तु पिता का नाम न बोल सकेंगे
जिनका निखिल विश्व में कोई कहीं न अपना होगा
श्रम से नहीं विमुख होंगे जो दुख से नहीं डरेंगे ।
पंक्ति किस रचनाकार द्वारा लिखित है ?
(1) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(2) नरेश मेहता
(3) भगवती चरण वर्मा
(4) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

60. 'परती परिकथा' के रचनाकार हैं
(1) रांगेय राघव
(2) फणीश्वर नाथ रेणु
(3) उदयशंकर भट्ट
(4) नागार्जुन

61. जहाँगीर-जस-चन्द्रिका किस कवि की रचना है ?
(1) रहीमदास (2) जमाल
(3) रसखान (4) केशवदास

62. 'हंस जवाहिर' किस कवि की रचना है ?
(1) नूरमुहम्मद
(2) कासिम शाह
(3) उसमान
(4) शेख नवी

63. 'चित्रावली' किस कवि की रचना है ?
(1) शेख नवी
(2) नूरमुहम्मद
(3) कुतुबन
(4) उसमान

[ P.T.O.



Scanned by TapScanner

64. चिंतामणि त्रिपाठी से कौन विद्वान हिन्दी रीति ग्रन्थों की परम्परा की शुरुआत मानता है ?
(1) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(2) नन्ददुलारे वाजपेयी
(3) जार्ज गियर्सन
(4) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

65. लिखकर लोहित लेख, डूब गया दिनमणि अहा ।
व्योमसिंधु सखि देख, तारक बुदबुद दे रहा ।।
इन पंक्तियों में प्रयुक्त छंद है
(1) सोरठा (2) रोला
(3) चौपाई (4) दोहा

66. सुमेल कीजिए ।

| | लेखक | | रचना |
|---|---|---|---|
| i. | अमृत राय | क. | आवारा मसीहा |
| ii. | विष्णु प्रभाकर | ख. | प्रेमचंद घर में |
| iii. | मदन गोपाल | ग. | कलम का मज़दूर |
| iv. | शिवरानी देवी | घ. | कलम का सिपाही |

(1) i – क ii – ख iii – ग iv – घ
(2) i – घ ii – क iii – ग iv – ख
(3) i – ग ii – ख iii – क iv – घ
(4) i – ख ii – घ iii – क iv – ग

67. सुमेल कीजिए ।

| | कहानी | | लेखक |
|---|---|---|---|
| i. | इन्दुमती | क. | रामचंद्र शुक्ल |
| ii. | प्लेग की चुड़ैल | ख. | किशोरीलाल गोस्वामी |
| iii. | ग्यारह वर्ष का समय | ग. | बंगमहिला |
| iv. | दुलाई वाली | घ. | भगवानदास |

(1) i – ख ii – घ iii – क iv – ग
(2) i – ग ii – ख iii – क iv – घ
(3) i – घ ii – क iii – ख iv – ग
(4) i – क ii – ख iii – घ iv – ग

68. **"जिस भाषा का साहित्य वे पढ़ते है और जिस भाषा का व्यवहार करते रहे है, वह नकली भाषा है – लोकभाषा नहीं ।"**
**उपर्युक्त कथन है**
(1) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(2) आचार्य नन्द दुलारे वाजपेयी
(3) रामविलास शर्मा
(4) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर **69** एवं **70** के उत्तर दें ।

छोड़ द्रुमों की मृदु छाया,
तोड़ प्रकृति से भी माया,
बाले तेरे बाल-जाल में कैसे
उलझा दूँ लोचन ?
छोड़ अभी से इस जग को ।

69. उपर्युक्त काव्य पंक्तियों के मूल में है
(1) निराशा (2) प्रकृति-प्रेम
(3) सांसारिकता का आग्रह (4) वैराग्य भाव

70. उपर्युक्त पंक्तियाँ किसकी है ?
(1) निराला (2) जयशंकर प्रसाद
(3) सुमित्रानंदन पंत (4) महादेवी वर्मा

71. राम और लक्ष्मण दशरथ के पुत्र थे । इस वाक्य में 'और' है
(1) संबंध बोधक (2) कारक परसर्ग
(3) इनमें से कोई नहीं (4) समुच्चय बोधक

72. निम्नलिखित में से तत्सम-तद्भव का युग्म **नहीं** है
(1) चक्षु-आँख, निद्रा-नींद, घृत-घी
(2) दंत-दाँत, बाहु-बाँह, स्तन-थन
(3) हस्त-हाथ, दंड-डंडा, वधू-बहू
(4) गृह-घर, दधि-दही, मयूर-मोर

73. वृद्धि संधि का उदाहरण है
(1) यद्यपि (2) एकैक
(3) विद्यार्थी (4) नयन

74. अवधी का विकास किस अपभ्रंश से हुआ है ?
(1) मागधी
(2) अर्द्धमागधी
(3) इनमें से कोई नहीं
(4) शौरसेनी

75. निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनें ।
(1) उदन्त मार्तंड, बनारस, 1857
(2) उदन्त मार्तंड, प्रयाग, 1827
(3) उदन्त मार्तंड, दिल्ली, 1826
(4) उदन्त मार्तंड, कलकत्ता, 1826



adda247
Scanned by TapScanner

76. विद्यापति की रचनाएँ हैं
(1) कीर्तिलता, कीर्तिपताका, संदेशरासक
(2) कीर्तिलता, कीर्तिपताका, बीसलदेव रासो
(3) कीर्तिलता, कीर्तिपताका, भूपरिक्रमा
(4) कीर्तिलता, कीर्तिपताका, खलिकबारी

77. रामचंद्र शुक्ल ने रीतिकाल का समय माना है
(1) 1700 – 1900 संवत्
(2) 1700 – 1900 ईस्वी
(3) 1050 – 1375 संवत्
(4) 1375 – 1700 संवत्

78. भाषा के मानकीकरण का सम्बन्ध भाषा के किस रूप से है ?
(1) लिखित (2) वाचिक
(3) इनमें से सभी (4) मौखिक

79. बुन्देली किस उपभाषा समूह की बोली है ?
(1) पूर्वी हिन्दी (2) पश्चिमी हिन्दी
(3) बिहारी हिन्दी (4) राजस्थानी हिन्दी

80. पश्चिमी हिन्दी का उद्‌भव अपभ्रंश के किस रूप से हुआ ?
(1) मागधी (2) शौरसेनी
(3) महाराष्ट्री (4) अर्धमागधी

81. 'श्रद्धा और प्रेम के योग का नाम भक्ति है' यह कथन है
(1) आ. परशुराम चतुर्वेदी
(2) डॉ. गोविन्द त्रिगुणायत
(3) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(4) आ. हजारी प्रसाद द्विवेदी

82. रीतिमुक्त काव्यधारा की विशेषता **नहीं** है
(1) यह भाव प्रधान काव्य है ।
(2) यह रुढ़ियों से मुक्त काव्य है ।
(3) यह रीतिकर्म प्रधान काव्य है ।
(4) यह आन्तरिक अनुभूतियों का काव्य है ।

83. हिन्दी में 'कठिन काव्य का प्रेत' किस कवि को कहा गया ?
(1) आचार्य भिखारीदास
(2) आचार्य चिन्तामणि
(3) बिहारीदास
(4) आचार्य केशवदास

84. 'प्रभु जी तुम चन्दन हम पानी ।
जाकी अंग-अंग बास समानी ।।'
उपर्युक्त पंक्तियों के रचयिता हैं
(1) मलूकदास (2) रैदास
(3) नानक (4) कबीर

85. 'रामचरित मानस' की भाषा है
(1) बुन्देली (2) अवधी
(3) खड़ीबोली (4) ब्रज

86. चंद्रवदन शब्द में समास है
(1) द्वन्द्व (2) तत्पुरुष
(3) कर्मधारय (4) बहुव्रीहि

87. 'राजपुत्र' शब्द में समास है
(1) तत्पुरुष (2) बहुव्रीहि
(3) कर्मधारय (4) द्वन्द्व

88. हिन्दी हमारी सजीव भाषा है । इसी कारण, इसने अरबी, फारसी आदि के संपर्क में आकर इनके तो शब्द ग्रहण किए ही हैं । अब अंग्रेजी के शब्द ग्रहण करती जा रही है । इसे दोष नहीं गुण ही समझना चाहिए क्योंकि अपनी इस ग्रहण शक्ति से हिन्दी अपनी वृद्धि कर रही है, ह्रास नहीं ।
उपर्युक्त अवतरण का उपयुक्त शीर्षक है
(1) हिन्दी प्रान्तीय भाषा
(2) हिन्दी विश्व भाषा
(3) हिन्दी मिश्रित भाषा
(4) हिन्दी जीवन्त भाषा

89. समाज में हरिजनों की समस्याओं का चित्रण प्रेमचन्दजी ने किस उपन्यास में किया है ?
(1) निर्मला (2) गबन
(3) प्रतिज्ञा (4) कर्मभूमि

90. सिद्ध कवि सरहपा और किस नाम से जाने जाते थे ?
(1) सरोजबज्र
(2) सूरिभद्र
(3) जिनधर्म सूरि
(4) लुइपा

[ P.T.O.



adda247

Scanned by TapScanner

91. विशिष्टाद्वैत-सिद्धान्त के प्रवर्तक आचार्य हैं
(1) बल्लभाचार्य
(2) कुंभनदास
(3) रामानुजाचार्य
(4) शंकराचार्य

92. विदेशी शब्दों में कौन-सा शब्द अरबी भाषा का **नहीं** है ?
(1) बेगम
(2) दफ्तर
(3) अखबार
(4) औरत

93. विदेशी भाषाओं से आये शब्दों में कौन-सा शब्द फारसी का **नहीं** हैं ?
(1) गुलाब
(2) सलाम
(3) सिफारिश
(4) खुदा

94. लोकायतन के रचनाकार हैं
(1) रामधारी सिंह दिनकर
(2) जयशंकर प्रसाद
(3) सुमित्रानन्दन पंत
(4) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

95. 'शृंखला की कड़ियाँ' की लेखिका हैं
(1) कृष्णा सोबती
(2) महादेवी वर्मा
(3) मीराबाई
(4) मैत्रेयी पुष्पा

96. 'निषिद्ध' का विलोम क्या है ?
(1) विहित
(2) सम्बद्ध
(3) सलज्ज
(4) निबद्ध

97. 'ईश्वरदास' किस काव्यधारा के कवि हैं ?
(1) ज्ञानाश्रयी शाखा
(2) रामभक्ति शाखा
(3) प्रेमाश्रयी शाखा
(4) कृष्णभक्ति शाखा

98. 'उत्कर्ष' का विशेषण क्या है ?
(1) अपकर्ष
(2) उत्कृष्ट
(3) उत्कीर्ण
(4) उन्नत

99. 'नर + इन्द्र = नरेन्द्र' में सन्धि है
(1) वृद्धि सन्धि
(2) गुण सन्धि
(3) दीर्घ सन्धि
(4) यण सन्धि

100. 'जो सिद्ध या पूरा किया जा सके' के लिए एक शब्द बताइये।
(1) सिद्धि
(2) प्रसिद्धि
(3) निधि
(4) साध्य

101. 'आठ मास बीते जजमान । अब तो करौ दच्छिनादान।।' उक्त पंक्तियां किस सम्पादक ने किस पत्र में लिखी थी ?
(1) प्रताप नारायण मिश्र – ब्राह्मण
(2) कार्तिक प्रसाद खत्री – प्रेम विलासिनी
(3) बाल कृष्ण भट्ट – हिन्दी प्रदीप
(4) देवकीनन्दन खत्री – प्रयाग समाचार

102. 'जो दोहराया न गया हो' के लिए एक शब्द कौन-सा है ?
(1) अनावर्त
(2) अनागत
(3) अनवगत
(4) अनावृत्त

103. कवितावली में तुलसीदास ने किस रूप में कथा का वर्णन किया है ?
(1) खण्डकाव्य के रूप में
(2) नाट्य रूप में
(3) मुक्तकों के रूप में
(4) प्रबन्ध काव्य के रूप में

104. 'भेजे मनभावन के ऊधव के आवन की सुधि ब्रज-गाँवनि में पावन जबें लगीं' – इस पंक्ति के रचनाकार कौन हैं ?
(1) कुंभनदास
(2) सूरदास
(3) नन्ददास
(4) जगन्नाथ दास 'रत्नाकर'

105. 'कविकुलकल्पतरु' किस कवि की रचना है ?
(1) केशवदास
(2) वेनी
(3) भूषण
(4) चिन्तामणि

106. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला रचित 'अप्सरा' क्या है ?
(1) उपन्यास
(2) नाटक
(3) कविता
(4) कहानी



adda247
Scanned by TapScanner

107. प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित में से एक गलत है

(1) रंगभूमि – 1925
(2) कर्मभूमि – 1920
(3) निर्मला – 1927
(4) प्रेमाश्रम – 1922

108. रामकुमार वर्मा कृत 'बादल की मृत्यु' किस विधा की रचना है ?

(1) उपन्यास
(2) कविता
(3) निबंध
(4) एकांकी

109. 'ठेले पर हिमालय' के लेखक हैं

(1) हरिशंकर परसाई
(2) अमृतलाल नागर
(3) धर्मवीर भारती
(4) नगेन्द्र

110. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द पुंलिंग **नहीं** है ?

(1) जीभ
(2) आयोजन
(3) खटमल
(4) अकाल

111. फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना कहाँ हुई थी ?

(1) मद्रास
(2) बम्बई
(3) इलाहाबाद
(4) कलकत्ता

112. नामदेव का जन्म कहाँ हुआ था ?

(1) बिहार में
(2) गुजरात में
(3) उत्तर प्रदेश में
(4) महाराष्ट्र में

113. 'मैथिलकोकिल' कहा जाता है

(1) रेणु को
(2) विद्यापति को
(3) जयदेव को
(4) नागार्जुन को

114. 'प्रत्येक देश का साहित्य वहाँ की जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिंब होता है' – किसका कथन है ?

(1) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(2) आचार्य नलिन विलोचन शर्मा
(3) आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(4) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

115. निम्नलिखित में भवानी प्रसाद मिश्र की रचनाएँ हैं

(1) गीत फरोश, अंधा युग, सतपुड़ा के जंगल
(2) गीत फरोश, ठंडा लोहा, सतपुड़ा के जंगल
(3) ब्रह्मराक्षस, ठंडा लोहा, अंधा युग
(4) गीत फरोश, कमल के फूल, सतपुड़ा के जंगल

116. 'कर्म का भोग भोग का कर्म, यही जड़ का चेतन आनन्द' – पंक्तियाँ किस काव्य-कृति से उद्धृत है ?

(1) साकेत
(2) कामायनी
(3) उर्वशी
(4) यशोधरा

117. 'राम तुम मानव हो, ईश्वर नहीं हो क्या' ? किसकी पंक्ति है ?

(1) कामायनी – जयशंकर प्रसाद
(2) साकेत – मैथिलीशरण गुप्त
(3) संशय की एक रात – नरेश मेहता
(4) राम की शक्तिपूजा – निराला

118. रांगेय राघव के उपन्यास 'कब तक पुकारूं' के केन्द्र में है

(1) देश की गुलामी
(2) जरायाम-पेशा नटों की ज़िंदगी
(3) किसानों की दशा
(4) अध्यापकों की जीवन शैली

119. रामधारी सिंह 'दिनकर' की पहली रचना है

(1) प्रणभंग
(2) रेणुका
(3) रश्मिरथी
(4) हुंकार

120. निम्नलिखित में से एक गजानन माधव मुक्तिबोध ने **नहीं** लिखा है

(1) नये साहित्य का सौंदर्यशास्त्र
(2) एक साहित्यिक की डायरी
(3) नयी कविता का आत्मसंघर्ष
(4) साहित्यकार और उसका परिवेश

121. 'प्रयागराज' संज्ञा की दृष्टि से है

(1) भाववाचक संज्ञा
(2) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(3) द्रव्यवाचक संज्ञा
(4) जातिवाचक संज्ञा

122. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द अशुद्ध है ?

(1) अंतर्धान
(2) उज्ज्वल
(3) प्रज्वलित
(4) अनाधिकार

123. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सुमेलित **नहीं** है ?

(1) 'झ' का उच्चारण – तालु से
(2) 'ट' का उच्चारण – दंत से
(3) 'प' का उच्चारण – ओष्ठ से
(4) 'ख' का उच्चारण – कंठ से

[ P.T.O.



adda247

Scanned by TapScanner

124. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सुमेलित **नहीं** है ?
(1) ब्राह्मण – शिवनारायण मिश्र
(2) सरस्वती – महावीर प्रसाद द्विवेदी
(3) नवजीवन – महात्मा गाँधी
(4) हिन्दी प्रदीप – बालकृष्ण भट्ट

125. 'सरस्वती' पत्रिका का प्रकाशन कब प्रारंभ हुआ ?
(1) सन् 1916 ई. (2) सन् 1903 ई.
(3) सन् 1900 ई. (4) सन् 1905 ई.

126. 'ग्यारह वर्ष का समय' कहानी के लेखक हैं
(1) प्रेमचंद
(2) चंद्रधर शर्मा गुलेरी
(3) रामचंद्र शुक्ल
(4) जयशंकर प्रसाद

127. जन्म के आधार पर निम्न में से सही क्रम है
(1) महादेवी, निराला, जयशंकर प्रसाद, पंत
(2) जयशंकर प्रसाद, निराला, पंत, महादेवी
(3) निराला, जयशंकर प्रसाद, पंत, महादेवी
(4) पंत, महादेवी, जयशंकर प्रसाद, निराला

128. जगमोहन सिंह किस युग के रचनाकार हैं ?
(1) द्विवेदी युग (2) छायावाद
(3) प्रगतिवाद (4) भारतेंदु युग

129. छायावाद का आरंभ माना जाता है
(1) 1918 ई. से (2) 1930 ई. से
(3) 1947 ई. से (4) 1900 ई. से

130. भक्तमाल के रचनाकार है
(1) तुलसीदास
(2) रैदास
(3) नाभादास
(4) सूरदास

131. विदेशी शब्दों में कौन-सा शब्द पुर्तगाली भाषा का नहीं है ?
(1) विस्कुट
(2) तौलिया
(3) पादरी
(4) साईकिल

132. 'द माडर्न वर्नाक्युलर लिट्रेचर ऑफ हिन्दुस्तान' इतिहास ग्रंथ में क्या स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है ?
(1) कवियों और लेखकों का कालक्रमानुसार वर्गीकरण करते हुए उनकी प्रवृत्तियों का उल्लेख है
(2) इसमें लगभग पाँच हजार कवियों को स्थान दिया है
(3) हिन्दी साहित्य के इतिहास को चार काल खण्डों में विभक्त किया है
(4) इसमें हिन्दी उर्दू के अनेक कवियों का वर्णन है

133. 'उक्ति-व्यक्ति-प्रकरण' एक अत्यन्त महत्वपूर्ण व्याकरण ग्रंथ है । यह कथन है
(1) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(2) डॉ. रामकुमार वर्मा
(3) डॉ. विजयेन्द्र स्नातक
(4) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

134. शुद्धाद्वैत सिद्धान्त के समर्थक आचार्य हैं
(1) निम्बार्काचार्य (2) बल्लभाचार्य
(3) मध्वाचार्य (4) विष्णुस्वामी

135. अष्टछाप की स्थापना कब हुई थी ?
(1) 1565 ई. (2) 1516 ई.
(3) 1560 ई. (4) 1550 ई.

निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर **136** एवं **137** के उत्तर दें ।

देखने-सुनने में आया है कि हिन्दी जिनकी मातृभाषा है उनमें बहुत से ऐसे हैं जिन्हें हिन्दीतर भाषियों के सामने हिन्दी में बात करने में संकोच होता है। इससे माँ का अनादर होता है । संसद में, विधान मंडलों में, व्यापार में, साधारण मुलाकात में ऐसे लोग अंग्रेजी का प्रयोग करके शायद शिक्षित होने का प्रमाण देना चाहते हैं । यह हीनभावना है । हिन्दी से प्रेम होने का प्रमाण दीजिए । आप अपने अधिकारी से कह सकते हैं कि हिन्दी में बातें सुनने में आपको लाभ है, इससे हिन्दी ज्ञान बढ़ेगा, आपकी झिझक दूर होगी; आपको हिन्दी प्रदेश में रहना है और कार्यालय से बाहर भी; इससे आपके सम्पर्क विस्तृत होंगे । कार्यालय में भी आप हमें और हमारे काम को समझेंगे तो कार्यकुशलता बढ़ेगी, इत्यादि ।

136. उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर यह बताएँ कि हिन्दी-प्रयोग का लाभ कहाँ है ?
(1) घरेलू जीवन में (2) शिक्षण कार्य में
(3) सभी क्षेत्रों में (4) कार्यालय में



adda247

Scanned by TapScanner

137. उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार 'हीनभावना' क्या है ?
(1) केवल अंग्रेजी जानना
(2) हिन्दी जानकर भी शिक्षित होने का प्रमाण देने के लिए अंग्रेजी का प्रयोग करना
(3) इनमें से कोई नहीं
(4) हिन्दी न जानना

138. निम्नलिखित में सही प्रयोग है
क. उस पर सौ रुपए जुरमाने हुए ।
ख. दस मन तेल खर्च हो गया ।
ग. धान कट गया ।
घ. धान कट गए ।
(1) 'ख' और 'ग' (2) 'क' और 'घ'
(3) 'ग' और 'घ' (4) 'क' और 'ख'

139. 'काठ का उल्लू' का अर्थ है
(1) बिलकुल मूर्ख होना
(2) बहुत लज्जित होना
(3) कायर होना
(4) प्राणहीन होना

140. वह पाव भर आटा लाया । – इस वाक्य में 'पाव भर' है
(1) संख्यावाचक विशेषण
(2) परिमाणवाचक विशेषण
(3) सार्वनामिक विशेषण
(4) गुणवाचक विशेषण

141. य र ल व को कहते हैं
(1) अंतस्थ व्यंजन
(2) ऊष्म व्यंजन
(3) अघोष व्यंजन
(4) स्पर्श व्यंजन

142. कौन-सी दो ध्वनियों को 'अयोगवाह' कहते हैं ?
(1) अनुस्वार और विसर्ग
(2) अनुनासिक – निरनुनासिक
(3) प्लुत और विसर्ग
(4) ह्रस्व स्वर एवं दीर्घ स्वर

143. सप्तर्षि में कौन-सी सन्धि है ?
(1) वृद्धि सन्धि (2) गुण सन्धि
(3) अयादि सन्धि (4) यण सन्धि

144. सदा + एव = सदैव में कौन-सी सन्धि है ?
(1) गुण सन्धि (2) यण सन्धि
(3) अयादि सन्धि (4) वृद्धि सन्धि

145. निम्नलिखित शब्दों में कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग **नहीं** है ?
(1) समवेदना (2) प्रतिवेदन
(3) उपासना (4) प्रार्थना

146. इनमें से कौन-सी रचना जयशंकर प्रसाद की **नहीं** हैं ?
(1) कामायनी (2) चन्द्रगुप्त
(3) अनामिका (4) आँसू

147. 'तुलसीदास' खण्डकाव्य के रचनाकार हैं
(1) रघुवीर सहाय
(2) कबीर
(3) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला
(4) माखनलाल चतुर्वेदी

148. इनमें से कौन छायावादी काव्य की विशेषता **नहीं** है ?
(1) प्रेम एवं सौन्दर्य का चित्रण
(2) यथार्थवादिता
(3) चित्रात्मकता
(4) व्यक्तिवादिता

149. 'संशय की एक रात' के रचनाकार हैं
(1) लक्ष्मीकान्त वर्मा (2) जगदीश गुप्त
(3) शमशेर बहादुर सिंह (4) नरेश मेहता

150. 'आधे-अधूरे' नाटक के लेखक हैं
(1) धर्मवीर भारती
(2) मोहन राकेश
(3) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(4) विष्णु प्रभाकर

[ P.T.O.





adda247

Scanned by TapScanner